**खबर संक्षेप**

### आधा दर्जन जुआरी पकड़ाए, 790 रूपए जब्त

**कटनी।** माधव नगर पुलिस ने कैरिन लाइन क्षेत्र में चल रहे जुआफड़ में दबिश देकर आधा दर्जन जुआरियो को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पकड़े गए आधा दर्जन जुआड़ियों के पास से पुलिस ने कुल 790 रुपए नगद राशि जप्त की। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने कैरिन लाइन क्षेत्र में दिलीप पोपटानी नामक युवक के घर के सामने सड़क किनारे जुआ खेलते हुए 39 वर्षीय दिलीप पिता जेठानंद पोपटानी, 29 वर्षीय रवि पिता राजकुमार सीतलानी, 23 वर्षीय गौतम पिता श्रीचंद गंगवानी, 21 वर्षीय प्रभात पिता ईश्वरलाल रजानी, 22 वर्षीय गौतम पिता राजेश कुमार नाग एवं 23 वर्षीय आकाश पिता राजकुमार चीजवानी को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों के पास से नगद 790 रुपए, 5 मोबाइल तथा एक स्कूटी जप्त की गई। सभी आरोपियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस ने बताया कि 6 जुआरियों के पास से कुल 790 रुपए बरामद हुए हैं।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

**कटनी।** नेशनल लोक अदालत शनिवार 11 मई को आयोजित की जा रही है। नेशनल लोक अदालत में सभी तरह के कम्पाउण्डेवल मामलों के निराकरण का प्रयास किया जायेगा, जिसमें मध्यप्रदेश सरकार पक्षकार है। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों की संतुष्टि के साथ लंबित मामलों का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत में मुख्य रूप से आपराधिक समझौता योग्य प्रकरण, धन वसूली संबंधित प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावे से संबंधित मामले, श्रम एवं रोजगार विवादों से संबंधित मामले, बिजली, पानी और अन्य बिल भुगतान से संबंधित मामले, वैवाहिक विवादों से संबंधित मामले (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, वेतन-भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभ के सेवा मामलों से संबंधित प्रकरणों के साथ राजस्व से संबंधित मामलों के निराकरण के प्रयास भी किये जायेंगे।

### 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा के लिए निर्देश

**कटनी।** स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा सत्र 2023-24 के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। कक्षा-5 और 8 की पुनः परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी, जो अनुत्तीर्ण हो गये हों या अनुपस्थित रहे हों, उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्यांकन किया जाये। इन कक्षाओं के पुनः परीक्षा केन्द्र जनशिक्षा केन्द्र पर ही निर्धारित किये जायें। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केन्द्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा। निर्देशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्र तक परीक्षार्थियों को पहुँचाने का दायित्व संबंधित शाला प्रमुख और शिक्षकों का होगा। परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे।

### हाई स्कूल की 10 और हासे की 8 जून से होगी पूरक परीक्षाएं

**कटनी।** माशिमं भोपाल से जारी आदेशानुसार हायर सेकेंडरी व हाईस्कूल परीक्षा कार्यक्रम का आयोजन 10 व 8 जून से प्रारंभ किया जा रहा है। जिसके अनुसार हायर सेकेंडरी के समस्त विषयो के विद्यार्थियों की पूरक परीक्षा 8 जून को प्रातः 8 से 11 बजे आयोजित की जाएगी। वहीं हाई स्कूल की पूरक परीक्षा 10 जून से आयोजित की गई है। प्रथम हिंदी, 11 को गणित, 12 को उर्दू, 13 को सामाजिक विज्ञान, 14 विज्ञान, 15 को अंग्रेजी, 18 को संस्कृत, 19 को मराठी, तथा दृष्टिहीन छात्रों के लिए पेंटिंग, गायन वादन, तबला पखावज, कंप्यूटर और 20 जून को एनएसक्यूएफ( नेशनल स्कील क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क) के समस्त विषय एवं आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस की पूरक परीक्षा प्रातः 8 से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### मई के महीने में तेज हुए सूरज के तेवर

# गर्म हवाओं के कारण घर में दुबके लोग सड़कें सूनी... पारा 43 डिग्री के पार

**सतना।** मई के महीने में सूरज के तेवर तेज हो गए हैं। जबरदस्त गर्मी गर्म हवाओं और धूप के कारण सड़कों पर दोपहर के वक्त सन्नाटा छाने लगा है। रविवार को सतना में तापमान 43 डिग्री के पार पहुंच गया। इसके पहले सतना में मतदान के दिन अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। जबरदस्त गर्मी की वजह से लोगों की हालत बिगड़ने लगी है। रीवा संभाग सहित पूरे मध्य प्रदेश में मई की शुरुआत होते ही भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने हीट वेब गर्म (हवाओं यानी कि लू) का अलर्ट जारी किया है। वहीं आने वाले दिनों में बारिश का अनुमान भी जताया है।



#### बीते सप्ताह ऐसा रहा तापमान

मौसम विभाग के सूत्रों के मुताबिक सोमवार को अधिकतम तापमान 42.3 और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। उसके बाद मंगलवार को अधिकतम तापमान 40.4,न्यूनतम तापमान 27.1,बुधवार को अधिकतम तापमान 40.5,न्यूनतम तापमान 23.8,गुरुवार को अधिकतम तापमान 37.8 न्यूनतम तापमान 21.8,शुक्रवार को अधिकतम तापमान 39.6न्यूनतम तापमान 21.0शनिवार को अधिकतम तापमान 41.7 न्यूनतम तापमान 23.0और रविवार को अधिकतम तापमान 43.2और न्यूनतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

#### नरम गरम रहा अप्रैल का महीना

गौरतलब है कि अप्रैल के महीने में जहां प्रदेशभर में बेमौसम बारिश का दौर चला,वहीं मई में जबरदस्त गर्मी देखी जा रही है। मौसम विभाग द्वारा 4-5 मई को ग्वालियर,दतिया,टीकमगढ़,छतरपुर,रीवा,मऊगंज,सीधी, सिंगरौली,खरगोन और खंडवा जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया था।

#### बारिश का अनुमान

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव होने से 6 और 7 मई को पूर्वी मध्यप्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी होने का अनुमान है। बारिश की वजह से तापमान में एक बार फिर गिरावट देखने को मिल सकती है और गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं।

#### धूप और लू से बचाव की सलाह

जिला प्रशासन ने एक अधिकृत जानकारी जारी करते हुए गर्मी के मौसम में आमजनों को लू से बचाव की सलाह दी है। लू से बचने के लिए जन सामान्य ज्यादा समय तक घर पर ही रहें। दिन में 10 बजे के बाद गर्म हवाओं का प्रकोप हो जाता है। आमजन अतिआवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलते समय पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।खाली पेट घर से बाहर न जायें। इससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। दिन में कम से कम 12 से 15 गिलास पानी जरूर पियें। लू से बचाव के लिए देशी घरेलू उपाय अपनाएं। बाहर निकलते समय सूती कपड़े से चेहरा और सर ढककर रखें तथा पानी साथ में जरूर रखें। पहनने के लिए सूती कपड़ों का अधिक उपयोग करें। लू से बचने के लिए खरबूज,तरबूज, ककड़ी,खीरा,आदि मौसमी फलों का सेवन करें। बेल,सौफ,हरा पुदीना,धनिया आदि के शर्बत तथा छाछ के उपयोग से भी लू से बचाव होता है।अगर लू के लक्षण जैसे मिचली आने,गला सूखने तथा बुखार का प्रकोप होने पर तत्काल चिकित्सक से संपर्क करके उचित उपचार करायें।

## हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल पूरक परीक्षा के आवेदन 7 जून तक

**सतना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल,भोपाल द्वारा वर्ष 2024 की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र 1मई से भरने शुरु हो गये हैं। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी (पूरक परीक्षा) के आवेदन परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व तक भरे जा सकेगें। पुर्नगणना के फलस्वरूप परीक्षा परिणाम परिवर्तन होने पर इस योजना का लाभ प्राप्त करने वाले छात्र परीक्षा प्रारंभ होने के एक दिवस पूर्व अर्थात 7 जून तक परीक्षा आवेदन भर सकेंगे। पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने की विस्तृत प्रक्रिया माध्यमिक शिक्षा मण्डल की ऑफिशियल वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## जिला बदर का आरोपी अवैध शराब के साथ पकड़ाया

सतना।



सिविल लाइन थाना पुलिस ने जिला बदर के एक आरोपी को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीबद्ध किया गया है।गिरफ्तार किए गए आरोपों का नाम बबली उर्फ शिवेन्द्र सिंह पिता स्व.मंगलेश्वर सिंह उम्र 20साल निवासी अहरीटोला थाना सिविल लाइन है। उसके कब्जे से देशी प्लेन शराब कुल 54 लीटर जप्त की गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति जेपीरोड बगहा रेलवे लाइन के पास अत्यधिक मात्रा में अवैध शराब बिक्री परिवहन करने के लिये रखे है सूचना की तस्दीक हेतु तत्काल पुलिस टीम रवाना कर रेड कार्यवाही की गई। आरोपी जिला बदर का आरोपी होना पाया गया जो अवैध शराब लिये होना पाया गया।जिसके विरुद्ध कलेक्टर महोदय के जिला बदर आदेश का उल्लंघन किये जाने पर धारा 14 राज्य सुरक्षा अधिनियम पंजीबद्ध किया गया है एवं आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया जो न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया है।

## ग्राम पंचायतों के स्वच्छता मिशन में शो पीस बने हैं शौचालय

मैहर



मैहर जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली 115पंचायतों में सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण तालों में बंद हैं वहीं स्वच्छता अभियान संचालन का भार उठाने में सक्षम नहीं है। मैहर जिले की कोई पंचायत कहने को तो स्वच्छता को बढ़ावा दिए जाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बड़ी संख्या में सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण कुछ ही गांव में हो पाया है। यहां तक तो ठीक है वहां पर कचरे के लिए बनाए गए कचरा दान भी महज शो पीस बनकर रह गए है। पुरुष एवं महिला प्रशाधन महज शो पीस बनकर गांवों की शोभा बढ़ा रहे हैं। शासन की योजना को पलीता लगाने में ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव व रोजगार सहायक इस दिशा पर कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। इसी तरह बताया जा रहा है कि कर्मचारियों के रख रखाव हेतु कार्यालयों में चपरासी नहीं है न ही गांव में सफाई कर्मी नियुक्त है। बजट का रोना बता कर सिर्फ जनता को गुमराह किया जा रहा है। स्वच्छता मिशन ने तो घर-घर शौचालय का निर्माण का कार्य कराए जाने के लिए दिशा निर्देश भी जारी किए गए थे परन्तु पंचायतों में कमीशन बाजी के तौर वह भी यह योजना भी खटाई में नजर आ रही है। कारण यह है कि जिन शौचालयों का निर्माण पंचायतों के द्वारा हितग्राही के खाते में 12 हजार की राशि दी गई वह भी महज कमीशन रूप में शौचालय का निर्माण गुणवत्ताविहीन हो गया है।

## जल संकट को देखते हुए भवन निर्माण पर क्यों नहीं लग रही रोक

मैहर।




मैहर जिला कलेक्टर रानी बाटड के फरमान से जहां जल संकट की त्रासदी को ध्यान में दृष्टिगत रखते हुए बोरिंग मशीनों पर तो प्रतिबंध लगा दिया गया है लेकिन नगर पालिका परिषद मैहर का तुकलगी फरमान है कि एक दिन में छोड़कर जल सप्लाई नल जल योजना के तहत किया जा रहा है। बीते कई वर्षो से नगर के 24 वार्डो में पानी की भीषण तबाही मची हुई है लेकिन पालिका प्रशासन पूर्व के पानी टेंकर के सप्लाई ठेकेदार को टेंडर देकर पुनः भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कारण यह है कि शहर में निर्माणाधीन भवनों के निर्माण में जो पानी लग रहा है वह आम जन मानस को किए जा रहे सप्लाई टेंकर का पानी निर्माण करने वाले भवनों को लंबी रकम लेकर पानी की सप्लाई की जा रही है। परिषद के ही एक पार्षद के द्वारा यह कहा जा रहा है कि पालिका प्रशासन के सीएमओ लालजी ताम्रकार के द्वारा नवीन भवनों के निर्माण पर जल संकट के आधार पर तत्काल ही रोक लगा दी जाने चाहिए चाहे वह अपने निजी नलकूप से भी पानी लेकर यदि निर्माण कर रहे है तो उस पर भी रोक लगनी चाहिए तब रोक क्यों नही लग रही है। जिला कलेक्टर से स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि टमस नदी के सूख जाने के कारण शहर की जल आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है तो जल को क्यों नहीं बचाया जा रहा है। जल उपभोक्ता महेन्द्र अग्रवाल वार्ड क्रमांक 6 ने सीएम हेल्प लाइन 181 में एवं सीएमओ नगर पालिका परिषद मैहर को शिकायत देकर कहा है कि जब एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई दी जा रही है तो पानी का बिल भी एक माह का न लेकर 15 दिनों का भी लिया जाना चाहिए। वहीं नागरिकों की मांग है कि जल संकट के दौर में निर्माण कार्यो पर पूर्णतः प्रतिबंध 15 जून तक के लिए लगा दिया जाना चाहिए। जनहित को ध्यान में दृष्टिगत रखते हुए उम्मीद की जा रही है कि जिले के उच्चाधिकारी इस ओर ध्यान देकर लोगों को पानी की समस्या से निजात दिलाएंगे।

### कलेक्टर मैहर ने राशन वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने जारी किये निर्देष

# राशन संचालक नियमानुसार राशन का वितरण शीघ्र करायें

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने मैहर जिले की शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में उपभोक्ताओं को नियमानुसार राशन का वितरण करने,दुकानों तक खाद्य सामग्री का समयावधि में परिवहन एवं नियमित रूप से सामग्री की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2015 के तहत निर्देश जारी किये हैं। कलेक्टर श्रीमती बाटड ने जारी निर्देशों में कहा है कि शासकीय उचित मूल्य के दुकान संचालक उपभोक्ताओं को निर्धारित दिवस पर राशन का वितरण करेंगे। उपभोक्ताओं से थंब इंप्रेशन लेने के बाद उनकी हकदारी का राशन वितरित करते हुये पीओएस पर्ची भी देनी होगी।अन्यथा की स्थिति में क्षेत्रीय कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं सहकारिता निरीक्षक संबंधित दुकानदार के विरूद्ध कूटरचित एवं मिथ्या वितरण दस्तावेज संधारित किये जाने का प्रकरण सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत कर पुलिस अभियोजन कार्यवाही प्रस्तावित करेंगें। ऐसा नहीं करने पर उनकी दुकानदार के कृत्य में सहभागिता मानी जायेगी। कलेक्टर ने जिला प्रबन्धक नागरिक आपूर्ति निगम एवं अनाज परिवहन के कार्य में नियोजित परिवहनकर्ता को निर्देशित किया है कि उचित मूल्य दुकानों में प्रति माह निर्धारित समयावधि में आवंटित संपूर्ण खाद्यान्न सामग्री की आपूर्ति हो जानी चाहिये। उचित मूल्य दुकान में प्राप्त खाद्यान्न सामग्री की त्वरित पी.ओ.एस. पावती परिवहनकर्ता को एवं प्राप्त सामग्री की सूचना निगरानी समिति सदस्यों को प्रदाय करने का उत्तरदायित्व संबंधित दुकान के विक्रेता के साथ ही संस्था के प्रबन्धक का होगा। इसी प्रकार जिले की समस्त उचित मूल्य दुकानों में दुकान खुलने का दिवस एवं समय का प्रदर्शन करने आवश्यक बोर्ड एवं सूचना पटल की व्यवस्था की जाये। निर्धारित दिवस एवं समय पर उचित मूल्य दुकान खुली रखी जायें,इसके क्रियान्वयन कराने का दायित्व सम्बन्धित संस्था के विभागीय अधिकारियों यथा क्षेत्रीय कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी/सहकारिता निरीक्षक/ब्लाक प्रबंधक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का होगा।प्रत्येक उचित मूल्य दुकान में निष्पादित प्राधिकार पत्र का प्रदर्शन अनिवार्य है,प्राधिकार पत्र का निष्पादन पूर्ण किया जाना क्षेत्रीय सक्षम प्राधिकारी एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी का होगा। जारी निर्देशों में कहा गया है कि जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम जिला मैहर/सतना प्रत्येक उचित मूल्य दुकान में प्रतिमाह आवंटन अनुसार सामग्री आपूर्ति समयावधि में कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।उचित मूल्य दुकानदार म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 में प्रावधानित एवं प्रचलित निर्देश एवं निष्पादित प्राधिकार पत्र के शर्तो के अनुसार दुकान संचालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्रीमती बाटड ने कहा है कि निर्देशों की अवहेलना करने एवं उचित मूल्य दुकान संचालन में अनियमितता करने वाले व्यक्ति/संस्था के विरूद्ध म.प्र.सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 में वर्णित प्रावधान एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## अवैध परिवहन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए नादन पुलिस ने जप्त किया हाइवा



मैहर

मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल,मुकेश वैश्य अतरिक्त पुलिस अधीक्षक मैहर के कुशल निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक मैहर राजीव पाठक के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी देहात अभिषेक सिंह परिहार के नेतृत्व में अवैध परिवहर करते पाए जाने पर हाइवा को जब्त कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि मैहर जिला बनने के बाद अवैध परिवहन को लेकर लगातार शिकायतों के बाद मैहर जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिले के सभी थानों को आदेशित किया गया की अवैध खनन परिवहन और क्षमता से अधिक परिवहन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्यवाही की जाए। आदेश दिए जाने के बाद जिले के नादन देहात थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार द्वारा अवैध खनिज परिवहन और ओवर लोडिंग वाहनों की जांच करने दौरान तकरीबन शाम 6 बजे एक हाइवा एम पी 18 जेड डी 8883 जांच की गई। चेकिंग के दौरान पाया गया की चालक दुर्गेश बैस पिता महेंद्र बैस उम्र 25 वर्ष निवासी मगरदहा कुम्हिया टोला थाना देवलौंद जिला शहडोल के द्वारा खनिज परिवहन किया जा रहा था। इस दौरान चालक से पूछतांछ किए जाने पर चालक द्वारा वैध दस्तावेज नहीं दिखाए जाने पर और शहडोल से छतरपुर की टीपी दिखाई गई। जिसपर थाना प्रभारी द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी चालक दुर्गेश बैस को गिरफ्तार करते हुए हाइवा जप्त कर लिया गया और चालक के खिलाफ धारा 379,414 आईपीसी 4/21 खान खनिज अधिनियम धारा 77/177, 50(के)/177 एमवी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है वाहन को जप्त किया गया।

### नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट पोड़ी ग्राम में आज से

**मैहर।** मैहर जिले के जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले गांव पोड़ी में खेल कूद को बढावा देने के उद्देश्य से युवाओ को प्रेरित कर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट रात्रि 8 बजे से 5 मई दिन रविवार को ग्राम पंचायत के नकतरा रोड स्थित खेल मैदान में आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संरक्षक पूर्व सरपंच वीरेन्द्र सिह बुंदेला एवं सरपंच पति दिनेश कुशवाहा व आयोजन समिति अध्यक्ष छोटू पटेल मनोज गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विजेता टीम को 15 हजार रुपए एवं उपविजेता टीम को 11हजार रुपए व चमचमाती ट्राफी दी जाएगी। सभी खेल प्रेमियों से अनुरोध है कि समय पर उपस्थित होकर खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन करें।

## पकड़ा गया जिलाबदर का आरोपी

**ढीमरखेड़ा** जिलाबदर के आरोपी को खुलेआम घूमते हुए उमरियापान पुलिस ने थाना क्षेत्र में दबोच लिया गया है। थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय ने बताया कि उमरियापान थाना क्षेत्र का आदतन अपराधी सत्तू उर्फ सत्यकुमार काछी 32 साल, निवासी टोला के विरुद्ध सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जिलाबदर की कार्यवाही करने के लिए जिला दण्डाधिकारी कटनी की ओर प्रतिवेदन प्रेषित किया गया था, जिस पर शातिर अपराधी को जिलाबदर किया गया है।

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी

सतना

अक्षय तृतीया के अवसर पर प्रायः अत्याधिक संख्या में विवाह संपन्न होते हैं। जिसमें बाल विवाह होने की अधिक संभावनाएं होती हैं। अक्षय तृतीया पर बाल विवाह जैसी कुरीति को रोकने के लिये शासन स्तर से प्रदेश के समस्त जिला कलेक्टर्स को दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। महिला बाल विकास विभाग मध्य प्रदेश द्वारा जिला कलेक्टरों से कहा गया है कि बाल विवाह की सूचना प्राप्त करने के लिये प्रत्येक वार्ड एवं ग्राम में सूचना तंत्र गठित कर सक्रिय किया जाये। सूचना तंत्र में शिक्षक, आशा,एएनएम,स्व-सहायता समूह की सदस्य,शौर्यादल की अध्यक्ष/ समन्वयक/ सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मातृ सहयोगिनी समिति,सरपंच, पंच, सचिव एवं ग्राम के नागरिकों को शामिल किया जाये। सूचना तंत्र के सहयोगी क्षेत्र में हो रहे बाल विवाह की सूचना से जिला प्रशासन एवं दूरभाष पर जिला कंट्रोल रुम को अवगत करायेंगे। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति बाल विवाह की सूचना नजदीकी थाना,चाईल्ड लाइन नंबर 1098 एवं सीएम हेल्पलाइन नंबर 181 पर दे सकता है। संचालनालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि बाल विवाह जैसी कुरीति पर रोकथाम के लिये विवाह में सेवा देने वाले सेवा प्रदाताओं (प्रिंटिंग प्रेस, धर्मगुरु, बैंडवाला, हलवाई,केटरिंग, ट्रांसपोर्टर) एवं समाज के मुखिया,जनप्रतिनिधियों एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों की कार्यशाला जिला खंड स्तर पर आयोजित की जाये। उन्हें बताया जाये कि बाल विवाह में अपनी सेवायें नहीं प्रदान करें। विवाह के पूर्व वर-वधु के उम्र संबंधी दस्तावेंजो का परीक्षण करने के बाद ही अपनी सेवायें देंगे। इसके साथ ही सामूहिक विवाह करने वाले आयोजकों से इस आशय का शपथ प्राप्त करेंगे कि वे अपने आयोजनों में बाल विवाह नहीं करेंगे।

#### दो वर्ष के कारावास और एक लाख रुपये जुर्मानें का है प्रावधान

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में बाल विवाह की कुरीति को समाप्त करने के लिए वर्ष 2013 से लाड़ो अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के परिणामस्वरूप अब तक परामर्श से ही लाखों की संख्या से अधिक बाल विवाह रोकने में सफलता मिली है। लाड़ो अभियान के तहत लोगों को व्यापक स्तर पर बताया जा रहा है कि बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 की धारा-9,10,11 और 13 के अन्तर्गत बाल विवाह कराने अथवा उसमें सहयोग देने वालों के लिए दो वर्ष का कारावास अथवा एक लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है।

## खबर संक्षेप



### सांस्कृतिक प्रशिक्षण में बढ़ रहा युवाओं और बच्चों का उत्साह

**शहडोल।** ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक प्रशिक्षण शिविर कमिश्नर के आदेशानुसार, तीनों जिलों में यह कार्यक्रम, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा, जिसमें जिला शिक्षा एवं जनजातीय विभाग का भी सहयोग लिया जा रहा है, नगर में भी खेलकूद, योग, कराते के साथ सांस्कृतिक विधा के प्रशिक्षण में गांधी स्टेडियम के हाल में सुबह-शाम, प्रशिक्षक कलाकार लकी चतुर्वेदी एवं उनकी संस्था सम्पूर्ण नाट्य एवं लोक कला समिति व अभिव्यक्ति डांस, ड्रामा एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट क्लासेस के सहयोग से, डांस, नाटक, गीत, लोक नृत्य, लोक गीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है, जो 1 मई से 31 मई तक आयोजित की जा रही अलग-अलग विधा के प्रशिक्षक अलग-अलग सुनिश्चित स्थानों पर प्रशिक्षण दे रहे हैं, जिसमें बच्चों एवं युवाओं का उत्साह बढ़ रहा है और वो बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें तीनों जिले अनुपपुर, उमरिया एवं शहडोल के कलेक्टरों का भी बराबर सहयोग मिल रहा है।

### पुलिस द्वारा किया गया अंधी हत्या का खुलासा



**शहडोल।** थाना ब्यौहारी अंतर्गत 02 मई को मर्ग जांच पर से ज्ञात हुआ कि कुछ व्यक्तियों के द्वारा मृतक ओमप्रकाश पाल पिता देवीदीन पाल उम्र 25 वर्ष निवासी रेउसा की हत्या कर दी गई है। आरोपियों के विरूद्ध तत्काल धारा 302 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। हत्या में शामिल मृतक की पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया एवं मृतक की पत्नी का प्रेमी जो हत्या में शामिल था फरार है। जिसके लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन डी.सी. सागर ने स्वयं घटना स्थल का निरीक्षण किया एवं उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 30,000 रू. के ईनाम की उद्घोषणा की गई।

### पाइप लाइन यार्ड का कमिश्नर ने लिया जायजा

**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस. जामोद ने ब्यौहारी तहसील में भन्नी माइक्रो सिंचाई परियोजना के लिए ग्राम पंचायत शहरगढ़ में पाइपलाइन यार्ड का निरीक्षण किया तथा पाइपों की गुणवत्ता देखी। इस दौरान अधिकारियों ने कमिश्नर को बताया कि भन्नी माइक्रो सिंचाई परियोजना में 44 गांव के किसानों को पानी पहुंचाया जाएगा। इस दौरान कमिश्नर ने पाइपों का निरीक्षण किया तथा उनकी गुणवत्ता का अवलोकन इंजीनियरों की उपस्थिति में किया।

### हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

**शहडोल।** थाना बुढ़ार में 12 जनवरी 2021 की रात्रि को सूचना प्राप्त हुई कि एन.एच. 43 मारूति नंदन पेट्रोल पंप के पास कोतमा रोड में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध प्रथम दृष्टता हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए इसे जघन्य सनसनीखेज श्रेणी में चिन्हित किया गया था। पुलिस द्वारा विधिवत विवेचना पूर्ण की जाकर आरोपी भोलू केवट पिता लाला केवट उम्र 31 वर्ष निवासी इमलीटोला थाना बुढार, अमित सिंह पिता पंचदेव सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी अम्बेडकर नगर बुढ़ार एवं प्रियंका सिंह पति स्व. मुकेश सिंह उम्र 33 वर्ष निवासी ओ.पी.एम. कॉलोनी थाना अमलाई के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

---

**आये दिन घाटी में लगते जाम वहीं सड़क में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ हो पुलिस की सेवायें, हर समय कहीं न कहीं निदान को लेकर जरूरत बन जाती है**

## आखिरकार सड़क के हालात का जिम्मेदार कौन?

# एन.एच. 39 नेशनल हाईवे सतना-पन्ना-छतरपुर मार्ग की मडला घाटी की सुरक्षा दीवारें ढह जाने से असुरक्षा के हालात



पन्ना

कहने को तो हमें आप सबको वाहन खरीदते वक्त ही रोड़ टैक्स भरना पड़ जाता हैं फिर भी जर्जर सडकों में चलने के लिए मजबूर है। वहीं असुरक्षा के हालात को नाकारा नहीं जा सकता। आये दिन जाम जैसी स्थिति परेशानी का सबब बनती है। जिले की बात करें तो एन.एच. 39 पन्ना-छतरपुर-सतना मार्ग जहां पन्ना व छतरपुर के मध्य मडला घाटी जो आये दिन जाम के हालात से गुजरती है। आवागमन की दास्ता देखते ही बनती है। जहां सड़क की सुरक्षा दीवारें भी सतत खत्म होती जा रही है असुरक्षा के हालात निर्मित है। इस घाटी में अक्सर सड़क हादसे होते है। यहां कहने को तो असमायिक सड़क में हादसों को रोकने को लेकर माननीय सुप्रीम कोर्ट न्यायालय तक सख्त कार्यवाही को लेकर दिशा तय कर चुके है। पर जो जिसका विभाग कब होगा जिम्मेदारी के लिए अपने दायित्वों का निर्वाहन समय पर सुधार करने को लेकर हो दिशा तय। यहां आम आदमी से रोड टैक्स के नाम पर टैक्स ले लिया जाता है फिर भी जान जोखिम भरे हालात से यात्रा करनी होती है सड़कों में। उदाहरण को लेकर मडला घाटी आखिर रिटर्निंग बॉल या सुरक्षा दीवार सड़क की जो जहां जरूरी है वह खत्म हो रही है कौन जिम्मेदार है? अगर यहां हादसे होते है तो वहीं सड़क किनारे कई जगह मिट्टी डालकर क्या सुरक्षा का पैमाना तय हो गया या कि असुरक्षा के हालात। क्या सड़क में जब असमायिक जाम लग जाते है तो यातायात पुलिस के द्वारा जाम खुलवाने के लिए वहां पुलिस बल उपस्थित कराना व सड़क में आवागमन सुगम हो सके इसके लिए मसक्कत करनी पड़ती है क्या यह पुलिस का आये दिन उपयोग करना यहां सड़क के हालात के कारण जो बना हुआ इसको लेकर क्या सड़क विभाग जिम्मेदार नहीं। या पुलिस बल पर हमें कितना व्यय करना पड़ता है इसको लेकर सड़क विभाग क्या अपनी जिम्मेदारी तय करता है या सड़क विभाग के अधिकारियों को जाम के समय बुलाया जाता है। तब तो पुलिस की जरूरत जिम्मेदारी को लेकर मानी जाती है। जब कि सडक के हालात के चलते असमायिक दुघर्टनायें घटित होती है यहां उन परिवारों को क्या न्याय मिल पाता है। कुछ वर्ष बीतने को चले जहां एक बस पुलिया से नीचे गिरी लोग जलकर खाक हो गये थे क्या उससे सबक लिया गया। जितनी पुलियां सड़क में बनाई गई थी सड़क में चलते वक्त वाहन चालक को दिखाई नहीं पड़ती इसके पीछे क्या सुधार की जरूरत नहीं। आखिर कब सड़क विभाग होगा सचेत या कि दुघर्टनाओं को अमंत्रण देने को लेकर इसी तरह के हालात बने रहेगें। आखिर सड़क का रोड टैक्स सभी वाहन मालिकों को भरना पड़ता है फिर भी जोखिम भरे हालात सड़क के कारण वहीं असमायिक सड़क में हादसे होते है लोग काल कवलित होते है वहीं कुछ लोग हरदम के लिए जोखिम भरी घायल अवस्था की जिंदगी जीने को लेकर मजबूर होते है कब होगा सुधार क्या सड़क पर होगा गौर मडला घाटी पर डाली जायेगी नजर यहां आज भी जहां क्रासिंग करने को लेकर सड़क में ही समस्या जानी जाती है अक्सर वाहन घाटी के नीचे खाई में पहुंच जाते है क्योंकि इन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए सड़क सुरक्षा दीवारे पहले से ही ढह चुकी है। कैसे मिले सुरक्षा देखना यह है जिम्मेदार अधिकारी क्या सड़क हादसों को रोकने को लेकर जिले में जो कमेटी बनी हुई है इस पर करेगी गौर।

---

# परिवारों में जब गुमे हुए बालक बालिकाओं को दस्तयाब कर पुलिस घर पहुंचाती है तो आती है मुस्कान

गुमें हुए बालक बालिकाओं को 1 जनवरी 2024 से 30 अप्रैल 2024 तक 10 बालक एवं 47 बालिकाओं को दस्तयाब कर पुलिस के द्वारा परिवरो में लौटाई गई मुस्कान




पन्ना

जिले में पुलिस सुरक्षा का कर्तव्य हमारे आपके लिए किस तरह से निर्वाहन करती है जहां पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस. थोटा एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह के मार्गदर्शन व निर्देशन में अब तक जिले में कई ऐसे हालात कायम हुए जहां पुलिस की कर्तव्य निष्ठा से परेशानी के समय जब आप बीती पुलिस की सुनाई गई तब पुलिस स्वयं भले ही परेशानी का सबब झेलती है वहीं हमारे जिले के ऐसे परेशान परिवारों को मुस्काने लौटाती है जब किसी का बालक या किसी की बालिका गुम हो जाती है तो हालात पूरे परिवार में कैसे निर्मित हो जाते है कुछ कह पाना कठिन होता है मजबूरन लोग पुलिस थाना पहुंचकर गुमसुदगी की कायमी करवाते है। वहीं पुलिस अपनी कार्यप्रणाली आरंभ करती है परेशानी चाहे जो भी आये पर पुलिस सदैव हमारी आपकी सुरक्षा के लिए तत्परता से दायित्व निभाती है। जिसका परिणाम गुमे हुए बालक हो या बालिकायें पुलिस दस्तयाब करके घर पहुंचाती है। जहां दुःख के हालात से उबरकर परिवारों के चेहरों में मुस्कान लौटती है जिसे हम ऑपरेशन मुस्कान के तहत अधिकत्तर जनचर्चा में यह बात सामने आती है अब जिले की बात करें तो 01 जनवरी 2024 से 30 अप्रैल 2024 तक 10 बालक एवं 47 बालिकायें हमारे जिले की पुलिस के द्वारा जहां पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन निर्देशन में यह सफलता का आयाम तय हो चुका है। जिसके चलते इन परिवारों में जहां गम के हालात थे मुसीबतों के चलते समाज में भी अपने आप को महसूस करने में मायूसी होती थी। वहां अब परिवारों में बालक-बालिकाओं के घर आने से दुःख के बाद सुख के हालात निर्मित हुए। लोगों के चेहरों में मुस्काने लौटी। यह हमारी पुलिस की कार्यप्रणाली व तत्परता से ही संभव हुआ। आखिर जब भी कोई मुसीबत आती है तो न्याय पाने के लिए पुलिस थाना ही का पहला दरवाजा निदान के लिए जाना जाता है। जहां से कार्यवाही आरंभ होती है और हर दुख की घड़ी के बाद सुख के लिए या समस्या आने के बाद निदान को लेकर दिशा तय होती है। जिले की पुलिस के द्वारा तभी तो आम आदमी में विश्वास कायम होता है जो आज हमारे जिले में आम जनता में बाखूबी जाना जाता है।

---

**बीहू, ढिमरयाई, गोवा, लिलीपुट डांस एवं नाटक और कव्वाली रहे आकर्षण के केन्द्र**

# केन्द्रीय विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव






पन्ना

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पन्ना में गत शुक्रवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं की विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। वार्षिकोत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार शामिल हुए। विद्यालय के स्काउट कलर पार्टी द्वारा मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों का हरित स्वागत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत भी गाया गया। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर एवं बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना में नृत्य के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, क्षेत्र संचालक पन्ना टाईगर रिजर्व अंजना सुचिता तिर्की, डीएफओ गर्वित गंगवार एवं पुनीत सोनकर तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार ने कहा कि केन्द्रीय विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अपनी भूमिका को साकार करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने ओजस्वी वक्तव्य से भविष्य में सफल और अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्राचार्य अमित दाहिया ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने विद्यालय के उद्देश्यों एवं उपलब्धियों की चर्चा की। इसके अलावा विद्यालय के परीक्षा परिणाम तथा खेल, योग एवं विद्यालय में आयोजित किए जाने वाली अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मान पत्र दिया गया, जिसमें सीबीएसई परीक्षा सत्र 2021-22 में कक्षा-10वीं में 99 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में दिव्यांशी पटेल एवं तुषारिका जगवानी और 97 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली शौर्या मिश्रा शामिल रहीं। इसी तरह कक्षा-12वीं की छात्रा हर्षिता खरे, शिखी परमार, स्नेहा अग्रवाल को सम्मानित किया गया। सत्र 2022-23 में निशी गोस्वामी, अनुराग पटेरिया, कृष्णा शर्मा तथा रेहान खान, मान्या अहिरवार, रिया चंद्रपुरिया को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। इनमें स्वाती गुप्ता भारतीय सांख्यिकी सेवा, सुप्रिया बागरी नायब तहसीलदार लवकुशनगर, गौरव त्रिपाठी आईआईटी धनबाद तथा यश प्रताप बागरी विकास अधिकारी, भारतीय जीवन बीमा निगम को सम्मान पत्र दिया गया। शिक्षकों को भी विशेष उपलब्धि पर सम्मान मिला। इनमें जितेन्द्र प्रताप सिंह, मृगेन्द्र सिंह, पवन पाठक, प्रदीप पाण्डेय, राकेश दीक्षित शामिल हैं। समारोह में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों द्वारा गोवा नृत्य प्रस्तुत किया गया। बैंकिंग धोखेबाजी से बचने के उपाय बताता अंग्रेजी नाटक की प्रस्तुति भी हुई। टाइगर को सुरक्षित रखने की सीख देती हुई नृत्य नाटिका एवं शरद जोशी का व्यंग्य नाटक 'एक था गधा' की बेहतरीन प्रस्तुति भी बच्चों द्वारा दी गई। वाद्य यंत्रों की आकर्षक जुगलबंदी तथा लिलीपुट नृत्य पर दर्शकों ने खूब तालियाँ बजायी। कव्वाली तथा असम के बीहू लोकनृत्य को भी खूब सराहना मिली।

---

# अब जनता जाग चुकी है, मांगने लगी जवाब, भले ही चुनाव के दौरान बहिष्कार के माध्यम से ही सड़क व विद्युत की दरकार

रेत हो या पत्थर या सीमेंट को लेकर उद्योग या एनएमडीसी माईंस के द्वारा हीरा उत्खनन का मामला हमारे जिले से कितना उद्योगों के रूप में या फिर अवैध या वैद्य रूप से रेत, पत्थर, सीमेंट, पानी, आदि लेकर जिले से बाहर पोषित करने को लेकर जाना जा रहा। क्या होगा गौर, जिले के विकास पर कितनी राशि व्यय की जा रही है। उसके बाद भी कितनी लिप्स हो रही बतायेगें जिम्मेदार।



पन्ना

आज पन्ना जिला जो प्रकृति के द्वारा अनुपम कृपा मानी जाये तो यह अतिसंयुक्ति नहीं। जिले के विकास के नाम पर सरकार के द्वारा कितना बजट दिया जा रहा वहीं कितना उपयोग हो पा रहा इतना ही नहीं वहीं हमारे जिले में हीरा खनन जैसी परियोजना एनएमडीसी माईंस जो अपनी पहचान को लेकर एशिया की प्रमुख माईंसो में जानी जाती है। वहीं जे.के. सीमेंट जैसा उद्योग साथ ही रेत का कारोबार समूचे जिले में वैद्य व अवैध तरीके से उत्खनन को लेकर जाना जाता है पटिया पत्थर का भी कारोबार राजस्व हो या वन भूमि बाखूबी कुछ क्षेत्रों में संचालित रहता है। वहीं बहुमूल्य इमारती लकडी में से प्रमुख रूप से फर्नीचर उद्योग को लेकर जिले में सागौन की लकड़ी जो अपनी पहचान रखती है। पन्ना से कितना दोहन हो रहा है जहां सोची-समझी रणनीति के तहत बाहर के लोगों के लिए बरदान हो चुका है। वहीं जिले के विकास की बात करें तो आज भी यहां की सीधी साधी भोली-भाली जनता को यह भी नहीं पता कि हमारे पानी पीने के लिए कितना बजट व्यय किया जाता है वहीं विद्युत हो या फिर शिक्षा या स्वास्थ्य कितना बजट जिले के विकास को लेकर प्रदान किया जाता है कितना सदउपयोग होता है कितना लैप्स या दुरूप्रयोग होता है जनप्रतिनिधि क्या विधानसभावार जानकारी लेकर आम जनता को पारदर्शिता के तहत बताने की कोशिश करेगें कि विधानसभावार जो विधायक निधी की राशि भी विकास के लिए आती है जिससे कितनी बदलाव के हालात विकास के लिए तय किये गये। वहीं सांसद निधि की बात करें तो क्या जानने को मिलेगा इस जिले के विकास में माननीय खजुराहो सांसद के द्वारा अपनी निधि से जिले के विकास में कितना योगदान दिया गया। यह अब आम जनता को क्या पारदर्शिता के तहत बताने के लिए जिम्मेदारी निभायेगें प्रतिनिधि ताकि जिले के विकास में इनकी महती भूमिका तथा सरकार का योगदान कितना मिला प्रत्येक वित्तीय वर्ष बजट व उपयोग तथा यहां के संसाधनों का कितना हो रहा उपयोग दूसरे जिलों के लोगों में पोषित करने के लिए यहां अब कुछ छिपा नहीं स्वयं केन नदी हो या उसकी सहायक नदियां पहाड़ हो जमीन खुद कर रहीं बया। हालात को लेकर किस तरह से संसाधनों का बाखूबी उपयोग जारी है। फिर भी पन्ना जिला पड़ोसी जिलों की तुलना में विकास के लिए आज भी पिछड़ा जिला माना जाता है जबकि जहां कि धरा हीरा उगलती है पर आज भी गरीबी के हालात आखिरकार कौन है जिम्मेदार कुछ कह पाना कठिन। आम जनता अब वह दिन दूर नहीं जब आप सबसे मांगेगी जवाब। जहां गौरतलब बात यह है कि उदाहरण को लेकर जिस तरह से लोकसभा चुनाव के दौरान कल्दा पहाड़ के पास सरसा ग्राम के लोगों ने मतदान का बहिष्कार करने को लेकर ठानी थी सड़क व विद्युत मांगी थी क्या ये दिन अब आ नहीं गये जब आम जनता स्वयं आप लोगों से मांग रही जवाब।

---

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर संपन्न

पन्ना

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण की अध्यक्ष भावना साधौ ने जिला न्यायालय के एडीआर भवन में फीता काट कर स्वैच्छिक रक्तदान अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश प्रकाश चन्द्र आर्य, जिला न्यायाधीश अयाज मोहम्मद एवं इन्द्रजीत रघुवंशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील अहिरवार, न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवराज सिंह गवली, मोहित बड़के, निधि शाक्यवार, इकरा मिनिहाज, प्रीतम शाह सहित प्रशिक्षु न्यायाधीश श्वेता आर्य एवं तनिष्का वैष्णव, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते एवं न्यायालय व प्राधिकरण के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

शिविर में जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार, न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवराज सिंह गवली, जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते, लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ आनंद त्रिपाठी, डिप्टी चीफ करण सिंह एवं पवन पाण्डेय, असिस्टेंट शशांक चतुर्वेदी एवं प्रशांत कुशवाहा ने रक्तदान किया। इसके अलावा शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज पन्ना के प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी, वरिष्ठ प्राध्यापक उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव द्वारा भी रक्तदान किया गया, जबकि पैरालीगल वॉलेंटियर वैशाली लक्ष्यकार का वजन कम होने के कारण एवं रक्तदान के लिए सक्षम नहीं होने पर उनके पिता हरप्रसाद लक्ष्यकार द्वारा विशिष्ट रूप से उपस्थित होकर उत्साहपूर्वक रक्तदान किया गया। जिला अस्पताल ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. डी.पी. प्रजापति, नर्सिंग ऑफिसर सुषमा सिंह, लैब टेक्नीशियन रामनाथ ओमरे, अटेंडर मस्तराम रजक, वाहन चालक रविकिरन रैकवार ने मोबाइल यूनिट के साथ उपस्थित होकर रक्तदान शिविर संपन्न कराया। शिविर के माध्यम से कुल 11 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।



---

# शासकीय आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

पन्ना

शासन के निर्देशानुसार नवीन सत्र में शासकीय आईटीआई में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। आईटीआई में संचालित एनसीवीटी व एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से स्वयं अथवा ऑनलाइन सहायता केन्द्रों के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश विवरणिका कौशल विकास संचालनालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश के लिए जारी समय सारणी अनुसार आगामी 20 मई तक प्रवेश पोर्टल पर पंजीयन होंगे। इसके उपरांत पोर्टल पर ही समय-समय पर रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार, संस्था व व्यवसाय की प्राथमिकता क्रम का चयन, प्राथमिकता के क्रम में त्रुटि सुधार, प्रथम चयन सूची प्रदर्शित करने व प्रवेश इत्यादि के संबंध में सूचना जारी की जाएगी। शासकीय आईटीआई पन्ना के प्राचार्य राजेश पटेल ने बताया कि पन्ना सहित जिले के शासकीय आईटीआई गुनौर, मोहन्द्रा एवं शाहनगर में भी संचालित व्यवसायों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। विस्तृत जानकारी वेबसाइट डीएसडी डॉट एमपी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। इसके अलावा मोबाइल नंबर 9926917652, 9424906576 एवं 7999424308 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

---

# वरिष्ठ पत्रकार संतोष अवस्थी का निधन, पत्रकारों ने की श्रद्धांजलि अर्पित

पन्ना।

विगत दिनों पन्ना जिले के वरिष्ठ पत्रकार श्री संतोष अवस्थी जी का स्वर्गवास हो गया था, जिसको लेकर पत्रकारों ने श्रदांजलि व शोकसभा रखी गई, जिसमे सभी पत्रकार साथियों ने मृत आत्मा की शांति के लिये मौन धारण व श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में ब्रजेन्द्र गर्ग, मनीष मिश्रा, शिवकुमार त्रिपाठी, शिवकिशोर पाण्डेय, राकेश शर्मा, नईम खान, सुशान्त चौरसिया, बाल किशन शर्मा, टाइगर खान, सौरभ साहू,लक्ष्मीकांत शर्मा,डॉ मदन शर्मा,अतुल रैकवार, लकी, सुभान्स शर्मा, एम के एन दुवेदी, राजेश शुक्ला, अमित सिंह, बलराम व्यास सहित सभी पत्रकार उपस्थित हुए। ईश्वर उनके परिवार को इस दुख की घडी में संबल प्रदान करने के लिए शक्ति दें वहीं हरिभूमि परिवार के द्वारा भी श्री अवस्थी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा को लेकर शांति मिले ईश्वर से प्रार्थना की गई।



## खबर संक्षेप



### धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 724वीं जयंती

**छतरपुर।** जिला सेन समाज द्वारा कृष्ण भक्त संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 724वीं जयंती श्री राधा कृष्ण सेन समाज मंदिर संकट मोचन में धूमधाम से मनाई गई। जहां मंदिर परिसर में विराजमान श्री राधा कृष्ण एवं सेन जी महाराज का फूलों से श्रृंगार व अभिषेक कर महाआरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला सेन समाज के अध्यक्ष हेमराज वर्मा,राजेन्द्र सेन,मुन्ना सेन,नंदकिशोर ओमरे,दिलीप सेन,किशोरी लाल सेन, रामजीवन सेन,राजकुमार सेन,पुरूषोत्तम सेन,रामाधीन सेन,दयाराम सेन,हरि सेन सहित अनेक सजातीय बन्धु उपस्थित रहे।

### युवक ने खायी चूहा मार दवा, जिला अस्पताल में भर्ती



**छतरपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सूड़ा के रहने वाले एक युवक ने चूहा मार दवा का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजनों को जानकारी लगने पर उसे इलाज के लिए लाए जहां युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सूड़ो निवासी ओमप्रकाश कुशवाहा पुत्र छिद्दा उम्र 23 वर्ष ने चूहा मार दवा का सेवन कर लिया था। घायल के पिता छिद्दा ने बताया कि उसका पुत्र किसी लड़की से बात करता है और उसी से शादी करना चाहता है लेकिन लड़की के परिजन शादी के लिए मान नहीं रहे है। यही कारण है कि उसके पुत्र ओमप्रकाश ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की है।

### सांस्कृतिक प्रशिक्षण में बढ़ रहा युवाओं और बच्चों का उत्साह

**शहडोल।** ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक प्रशिक्षण शिविर कमिश्नर के आदेशानुसार, तीनों जिलों में यह कार्यक्रम, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा, जिसमें जिला शिक्षा एवं जनजातीय विभाग का भी सहयोग लिया जा रहा है, नगर में भी खेलकूद, योग, कराते के साथ सांस्कृतिक विधा के प्रशिक्षण में गांधी स्टेडियम के हाल में सुबह-शाम, प्रशिक्षक कलाकार लकी चतुर्वेदी एवं उनकी संस्था सम्पूर्ण नाट्य एवं लोक कला समिति व अभिव्यक्ति डांस, ड्रामा एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट क्लासेस के सहयोग से, डांस, नाटक, गीत, लोक नृत्य, लोक गीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है, जो 1 मई से 31 मई तक आयोजित की जा रही अलग-अलग विधा के प्रशिक्षक अलग-अलग सुनिश्चित स्थानों पर प्रशिक्षण दे रहे हैं, जिसमें बच्चों एवं युवाओं का उत्साह बढ़ रहा है और वो बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें तीनों जिले अनुपपुर, उमरिया एवं शहडोल के कलेक्टरों का भी बराबर सहयोग मिल रहा है।

### पुलिस द्वारा किया गया अंधी हत्या का खुलासा

**शहडोल।** थाना ब्यौहारी अंतर्गत 02 मई को मर्ग जांच पर से ज्ञात हुआ कि कुछ व्यक्तियों के द्वारा मृतक ओमप्रकाश पाल पिता देवीदीन पाल उम्र 25 वर्ष निवासी रेउसा की हत्या कर दी गई है। आरोपियों के विरूद्ध तत्काल धारा 302 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। हत्या में शामिल मृतक की पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया एवं मृतक की पत्नी का प्रेमी जो हत्या में शामिल था फरार है। जिसके लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन डी.सी. सागर ने स्वयं घटना स्थल का निरीक्षण किया एवं उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये।

# अपराधी ने नशे की हालत में खुद को मारी गोली, मौत

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

जिले के गढीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बारी से एक गंभीर घटना सामने आयी है। बताया गया है कि कई आपराधिक मामलों में लिप्त युवक के द्वारा बीती रात शराब के नशे में स्वयं के द्वारा सिर में गोली मार ली गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



**छतरपुर।**

वहीं मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। रविवार को जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। इसके साथ ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम बारी निवासी रविन्द्र शुक्ला बीती रात करीब 9 बजे गांव के पास ही कुछ लोगों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान रविन्द्र ने अपने पास मौजूद 315 बोर का कट्टा निकाला और अपनी ही कनपटी पर रखकर फायर कर दिया। गोली चलते ही रविन्द्र की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के द्वारा गढ़ीमलहरा पुलिस और रविन्द्र के परिजनों को घटना की सूचना दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रविन्द्र का शव कब्जे में लेकर उसकी तलाशी ली। मृतक की जेब से पुलिस को 18 जिंदा कारतूस, डायनामाइट ब्लास्ट करने वाला सिम्युलेटर और कुछ नशीले पदार्थ मिले जिन्हें जब्त कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि मृतक रविन्द्र शुक्ला निगरानीशुदा बदमाश है और उसके विरूद्ध हत्या सहित अन्य कई संगीन मामले पंजीबद्ध हैं।

रविवार को जिला अस्पताल में मृतक रविन्द्र के पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के भाई पुष्पेन्द्र शुक्ला ने कुछ लोगों द्वारा हत्या किए जाने का संदेह जाहिर किया है। पुष्पेन्द्र के मुताबिक रात को सरपंच के द्वारा उन्हें घटना की जानकारी दी गई थी और जब वह मौके पर पहुंचे तब उन्हें अपना भाई मृत अवस्था में पड़ा मिला। पुष्पेन्द्र का कहना है कि सितम्बर 2023 में भी उसके भाई के ऊपर जानलेवा हमला हुआ था जिसमें उसकी जान बच गई थी। गांव के ही कुछ लोगों से जमीनी विवाद चल रहा था उसे संदेह है कि गांव के जमुना शुक्ला, राजकुमार शुक्ला, प्रेमु शुक्ला, नारायण सिंह, मंगल सिंह, लक्ष्मन सिंह, राजू सुल्लेरे, सुरेश पटेल और हल्के भैया के द्वारा रविन्द्र की गोली मारकर हत्या की गई है। बहरहाल गढ़ीमलहरा पुलिस के द्वारा घटना के सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है।

#### इनका कहना

प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला लग रहा है। वहां पर कई लोग मौजूद है। आगे की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी हिसाब से कार्यवाही की जाएगी।

**डीके सिंह**
**थाना प्रभारी गढ़ीमलहरा**

### बीमारी से तंग आकर युवती ने लगाई फांसी, मौत

**छतरपुर।** शहर के ओरछा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम देरी निवासी 20 वर्षीय युवती द्वारा बीमारी से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। देरी निवासी सागर नामदेव ने बताया कि उसकी 20 वर्षीय बहिन छाया नामदेव पिछले दो-तीन माह से बीमार थी और उसका लगातार इलाज चल रहा था। बीमारी से जूझ रही छाया पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से प्रताड़ित थी जिसके चलते शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात उसने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया। रविवार को जिला अस्पताल में युवती का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



# नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

## भगवान भक्तों के संकट हरने किसी न किसी रुप में जरूर आते हैं: वेदांत महाराज



**महाराजपुर।**

नगर के प्राचीन माँ काली मंदिर प्रांगण मे वृन्दावन धाम से आये पं वेदांत शास्त्री जी महाराज की मधुर वाणी से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण जन्म के प्रसंग शुरू होते ही पांडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के घर आनंद भया जय कन्हैया लाल की, बधाई हो बधाई भजनों के साथ झूम उठे। वहीं श्रद्धालुओं ने आतिशबाजी कर मक्खन मिश्री के प्रसाद का भोग लगाकर वितरित किया। माँ काली मंदिर में चल रही कथा में कथा व्यास पं वेदांत जी महाराज ने कहा कि जीवन में जब भी भगवत नाम सुनने का अवसर प्राप्त हो, उससे विमुख नहीं होना चाहिए। भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए बताया कि जब जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब तब परमात्मा अवतार धारण करके धरती पर धर्म की स्थापना करते हैं। विभिन्न प्रसंगों पर कथा सुनाते हुए कृष्ण जन्म की कथा के पूर्व वामन अवतार, भक्त प्रह्लाद और भगवान राम के अवतार की लीला का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने आदर्श स्थापित किया है, वह आज भी प्रासंगिक है।

उन्होंने कहा कि द्वापर में जब कंस के अत्याचार बढ़े तो श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर मुक्ति दिलाई। श्री कृष्ण जन्म की सुंदर झांकी भी निकाली गई कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं में अपार उत्साह देखने को मिला श्रद्धालु खुशियों से झूमते नजर आए श्रद्धालुओं के सुंदर भजनों से गूंज उठा। प्राचीन मां काली मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन विशाल भंडारे के साथ 9 मई को किया जाएगा जिसमें भंडारे से पूर्व 8 मई को मां काली मंदिर में विशाल हवन यज्ञ का आयोजन किया जायेगा।

# लीग डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का डीआईजी ने किया शुभारंभ



### रेवेन्यु टाइटन और श्रीकृष्णा विश्वविद्यालय ने जीते उद्घाटन मैच

**छतरपुर।**

शहर के नौगांव रोड पर स्थित पेप्टेक टाउन में शनिवार को पेप्टेक प्रोफेशनल लीग का भव्य आगाज हुआ। टूर्नामेंट का शुभारंभ डीआईजी ललित शाक्यवार ने किया। श्री शाक्यवार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही उन्होंने कुछ देर तक पिच पर हाथ भी आजमाए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे डीआईजी ललित शाक्यवार ने टूर्नामेंट के उद्घाटन के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि व्यस्ततम समय से अपने शौक के लिए थोड़ा समय निकालना आवश्यक है, इससे जिंदगी में स्फूर्ति बनी रहती है और हम अपने आप को जवान महसूस करते हैं। उन्होंने पेप्टेक ग्रुप के इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि पेप्टेक ग्रुप के आयोजन करने का तरीका अपने आप में अनूठा और सम्पूर्ण होता है। जिस तरह से इस मैदान पर व्यवस्थाएं की गईं हैं, वे किसी भी बड़े टूर्नामेंट का अहसास करातीं हैं और इसमें खेलने वालों को भी नया अनुभव मिलता है। गौरतलब है कि इस टूर्नामेंट में पुलिस की टीम भी हिस्सा ले रही है।

# इलेक्शन में लापरवाही बरतने वाले सेक्टर ऑफिसर को नोटिस जारी

### कलेक्टर ने एसडीएम से मांगा अभिमत

**बड़ामलहरा।**

गुजरी 26 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव में लापरवाही बरतने वाले सेक्टर ऑफिसर कृषि विकास अधिकारी को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की रिपोर्ट पर कलेक्टर ने शोकाज नोटिस जारी किया है। सेक्टर ऑफिसर द्वारा दिए गए नोटिस के जवाब का कलेक्टर ने सहायक रिटर्निंग ऑफिसर से अभिमत मांगा है। उल्लेखनीय है कि संतोष मिश्रा कृषि विकास अधिकारी छतरपुर को बड़ामलहरा विधानसभा क्षेत्र के लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 07 बंधा सेक्टर में बतौर सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया था। लेकिन मतदान वाले दिन मतदान केंद्र क्रमांक 01 नवीन सरकाना के पीठासीन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सुबह 06 बजे से माँकपाल के दौरान ईवीएम मशीन में तकनीकी समस्या उत्पन्न हो रही है जिससे वहां दूसरी मशीन बदल जाना आवश्यक था। जिस पर सेक्टर ऑफिसर संतोष मिश्रा से लगातार कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु उनके द्वारा मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर लिया गया था। जिससे किसी भी प्रकार का संपर्क नहीं हो सका। इस संबंध में वहां के पीठासीन अधिकारी ने घुवारा नायब तहसीलदार एसपी गौतम से संपर्क किया। नायब तहसीलदार ने अतिरिक्त मशीन भेजकर मशीन बदलवाई इसके उपरांत मॉकपोल एवं वास्तविक मतदान प्रारंभ किया जा सका। पीठासीन अधिकारी ने सहायक रिटर्निंग ऑफिसर से यह भी शिकायत की कि इस संबंध में सेक्टर ऑफिसर संतोष मिश्रा से पुनः 07:07 बजे मोबाइल फोन पर संपर्क किया तथा मैसेज भी दिया। इसके बाद 7:44 बजे उनसे सम्पर्क हो पाया लेकिन इसके बाद भी उनके द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम प्रशांत अग्रवाल द्वारा निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य के निर्वहन में स्वैच्छाचारिता एवं घोर लापरवाही बरतने वाले सेक्टर ऑफिसर के विरुद्ध प्रतिवेदन कलेक्टर संदीप जीआर को प्रस्तुत किया था। जिसे कलेक्टर संदीप जीआर ने बेहद गंभीरता से लेते हुए सेक्टर ऑफिसर संतोष मिश्रा को शोकाज नोटिस जारी किया था। जिसका सेक्टर ऑफिसर द्वारा तीन दिवस में कलेक्टर संदीप जीआर को नोटिस का जवाब प्रस्तुत कर दिया गया। लेकिन कलेक्टर ने सेक्टर ऑफिसर द्वारा दिए गए जवाब का परीक्षण कर अभिमत देने हेतु सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम प्रशांत अग्रवाल को भेजकर गेंद सहायक रिटर्निंग आफीसर के पाले में डाल दी है। एसडीएम द्वारा शोकाज नोटिस के जबाब का परीक्षण और अभिमत के आधार पर ही रिटर्निंग आफीसर कलेक्टर संदीप जीआर कार्यवाही तय करेंगे।

# ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा नैतिक बच्चों की इनर ब्यूटी को समर कैंप से निखारने का प्रयास




### जीवन में खेलों से होगा शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास

**छतरपुर।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नौगांव सेवा केंद्र द्वारा 3 मई से 7 मई तक सुबह 8:30 बजे से 12 तक बच्चों के नैतिक, आध्यात्मिक शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए एक समर कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप का नाम एबीसीडी से शुरू किया गया है ए- माना आओ, बी-माना बनाएं, सी- चमकती, डी- माना दुनिया अर्थात आओ बनाएं चमकती दुनिया।

इस कार्यक्रम को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य छतरपुर सेवा केंद्र प्रभारी बीके शैलजा बहन ने बताया कि इस कैंप द्वारा बच्चों कि इनर ब्यूटी को बढ़ाना ताकि बच्चे आंतरिक रूप से सुंदर बनें आज हम डॉक्टर बनना चाहते हैं, इंजीनियर बनना चाहते हैं, पुलिस वाला बनना चाहते हैं लेकिन हम एक अच्छा डॉक्टर, अच्छा इंजीनियर, अच्छा पुलिस वाला, एक अच्छा इंसान कैसे बने। इसके लिए डिवाइन वैल्यूज का हमारे जीवन में समावेश होना बहुत आवश्यक है।

साथ ही बच्चों को थैंक यू करने का महत्व भी समझाया गया कि वह भगवान का थैंक्स करें, अपने टीचर्स का थैंक्स करें, अपने माता-पिता का थैंक्स करें और इसके लिए बच्चों ने बहुत सुंदर थैंक यू काड्र्स बनाएं। इस आयोजन के अंतर्गत अंतिम दिन 7 मई शाम 5:30 बजे नौगांव राजा पेट्रोल पंप पर बच्चों के अंदर की प्रतिभा को निखारने के लिए उनके द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी।

# एमसीबीयू में प्रवेश प्रक्रिया आज से प्रारंभ

### स्नातक प्रथम वर्ष के पंजीयन आज से, पीजी पहले सेम. के पंजीयन कल से होंगे शुरू

**छतरपुर।**

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ,छतरपुर की अध्यनशालाओं के लिए नवीन सत्र 2024-25 हेतु 6 मई 24 सोमवार से विश्वविद्यालय की प्रवेश एजेंसी एमपी ऑनलाइन के माध्यम से कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी तथा कुलसचिव श्री यशवंत सिंह पटेल के मार्गदर्शन में प्रारंभ हो रही हैं। यूनिवर्सिटी में प्रवेश हेतु विभिन्न कक्षाओं की प्रवेश समितियां बनाई गई हैं। इसके साथ ही छात्रों को प्रवेश कार्य, विषय, कोर्स आदि में मार्गदर्शन तथा सहायता हेतु सरस्वती कक्ष के बाजू में डीएसडब्ल्यू कक्ष में एक हेल्प डेस्क पूर्वान्ह 11 बजे से सायं 4 बजे तक संचालित होगी।

मीडिया प्रभारी डा सुमति प्रकाश जैन एवं सदस्य श्री एनके पटेल के अनुसार विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों के स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर, तीनों संकायों वाणिज्य, कला तथा विज्ञान के स्नातक प्रथम वर्ष के लिए, यूजी/पीजी डिप्लोमा तथा सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के लिये प्रथम चरण हेतु प्रवेश प्रक्रिया में विद्यार्थी भाग लेंगे। आईटी प्रभारी प्रो. आरके पांडेय के अनुसार विश्वविद्यालय की विभिन्न अध्ययनशालाओं में संचालित पाठ्यक्रमो में प्रवेश चाहने वाले आवेदकों को ऑनलाइन लिंक के माध्यम से पंजीयन करने के उपरांत, पाठ्यक्रमों के चयन हेतु अपनी वरीयता लॉक करनी होगी। आवेदक एक साथ अधिकतम 07 पाठ्यक्रमों की वरीयता लॉक कर सकेंगे।

पंजीयन के लिए आवेदक को अपनी फोटो, हस्ताक्षर, 10वी, 12वी की अंकसूची, निवास एवं जाति प्रमाणपत्र(यदि लागू हो) मूल प्रति की स्कैन कॉपी को अपलोड करना होगा। वरीयता लॉक करने के बाद आवेदक को पंजीयन शुल्क एवं पोर्टल शुल्क ऑनलाइन जमा करना अनिवार्य होगा। मध्यप्रदेश बोर्ड से उत्तीर्ण विद्यार्थियों का आवेदन ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से डाटा का सत्यापन कर लिया जाएगा। फिर भी सीबीएसई या अन्य बोर्ड के विद्यार्थियों को जिनके आवेदन ऑनलाइन सत्यापित नहीं होंगे, उन्हें विश्वविद्यालय के यूटीडी में आने की आवश्यकता नही होगी। उनके द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों के आधार पर अध्ययनशालाओं के सत्यापन अधिकारी ऑनलाइन सत्यापित कर देंगे। किन्तु अपलोडिड डाक्यूमेंट्स सही नहीं पाए जाने पर सत्यापन निरस्त होने की स्थिति में आवेदक को सत्यापन हेतु स्वयं अपने मूल प्रमाण पत्र लेकर यूटीडी के सहायता केंद्र पर उपस्थित होकर सत्यापन करवाना होगा।

प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के लिए पंजीयन 6 से 17 मई 24 तक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के पाठ्यक्रमों के लिए 7 से 18 मई 24 तक होंगे। स्नातक कक्षाओं के प्रथम चरण के सीट आबंटन पत्र 22 मई को तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए 25 मई को जारी होंगे। प्रवेश पाने वाले स्नातक के विद्यार्थियों को अपना शुल्क 22 से 27 मई तक तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को 25 से 29 मई तक ऑनलाइन जमा करना होगा। प्रवेश शुल्क जमा न करने की स्थिति में आवंटन स्वतः निरस्त हो जाएगा।

इसी प्रकार प्रवेश से वंचित रह गए छात्रों के लिए दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया स्नातक कक्षाओं के लिए 29 मई तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए 31 मई 2024 से प्रारंभ होगी।

## खबर संक्षेप

### आरआरआर गतिविधि के अन्तर्गत कैंप का आयोजन



**रीवा।** निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में दिनांक 05/05/2024 को आरआरआर गतिविधि के अन्तर्गत कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें नागरिको को 3आर के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही बताया गया कि जिन नागरिको के पास जरुरत से अधिक कपड़े, किताबे इत्यादि थे उन्होंने कैंप में लाकर जमा किया गया। आज देखा जा रहा है को नगर निगम की इस सरहनीय कदम में रीवा के सभी नागरिकों का भरपूर सहयोग मिल रहा है आरआरआर केन्द्र के जगह जगह कैम्प के माध्यम से शहर के ज्यादा से ज्यादा लोगो जागरूक करना है जिस कारण नगर निगम ऐसे लोगो तक मद्द पहुंचा सके जिनको इन सभी वस्तुओं की जरुरत है एवं इस सहयोग से किसी की जिंदगी में खुशी आ सकती है। रीवा के सभी नागरीको से अपील की गई है कि कैम्प में जाकर अपने घरों में जो भी जरूरत से अधिक कपड़े एवं किताबे इत्यादि है उनको दे जाए और जिनको इन वस्तुओं की आवश्यकता है वो ले जाए।

### कलेक्टर कांफ्रेंस 8 मई को

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड की अध्यक्षता में 8 मई को प्रातः 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में कलेक्टर कांफ्रेंस आयोजित की जा रही है। इस बैठक में कमिश्नर राजस्व कार्यों तथा पेयजल व्यवस्था की जिलेवार समीक्षा करेंगे। बैठक में प्रातः 11 बजे से प्रातः 11.30 बजे तक अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की संभागीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इसके बाद प्रातः 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक संवेदनशील विषयों पर कार्यवाही की समीक्षा की जाएगी। कमिश्नर दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक राजस्व कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे से आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में पेयजल व्यवस्था, समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, बिजली की आपूर्ति, मनरेगा योजना, गौशाला निर्माण, खनिज राजस्व वसूली तथा छात्रवृत्ति वितरण की समीक्षा की जाएगी। संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा संभागीय अधिकारी बैठक में उपस्थित रहेंगे।

### नेशनल लोक अदालत 11 मई को

**रीवा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान न्यायाधीश श्री सुबोध कुमार जैन के मार्गदर्शन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक, सिविल, क्लेम प्रकरण, विद्युत, चेक बाउंस, वैवाहिक प्रकरण इत्यादि आपसी समझौते से निराकृत किये जायेंगे। शिविर के लिये जिले में 53 खण्डपीठों का गठन किया गया है।

### सेवा सहकारी समिति को दिया नोटिस

**रीवा।** सेवा सहकारी समिति हिनौती क्रमांक एक उपार्जन केन्द्र सीपी वेयरहाउस कांकर एवं सेवा सहकारी समिति हिनौती क्रमांक 2 उपार्जन केन्द्र मालती वेयरहाउस भठवा को कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा नोटिस जारी किया गया है। सेवा सहकारी समिति हिनौती क्रमांक एक का गत दिनों तहसीलदार सिरमौर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस खुला नहीं पाया गया तथा उपार्जन केन्द्र में भौतिक एवं जनसुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं नहीं पायी गयी। केन्द्र में लेवर की उपलब्धता नहीं थी तथा गेंहू की खरीदी की मात्रा भी निरंक पायी गयी। इसी प्रकार सेवा सहकारी समिति हिनौती क्रमांक 2 में निरीक्षण के दौरान भौतिक सुविधाएं व जनसामान्य की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं नहीं पायी गयी जांच के दौरान गेंहू खरीदी की मात्रा निरंक थी जबकि 19 अप्रैल को किसानों के स्लाट बुक होना पाया गया।

## चरित्र संदेह पर, तिहरे हत्याकांड में 20 घंटे बाद हुआ खुलासा

# देवर ने की भाभी और दो भतीजियों की हत्या

### मुख्य आरोपी ने नहीं दूसरे युवक ने सूखे स्थान पर झाड़ियों में फेंका था मासूम बहनों के शव

जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक तीन में शनिवार की शाम तिहरा हत्याकांड के मामला सामने आया जिससे क्षेत्र में सनसनी का फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार गोविंदगढ़ वार्ड क्रमांक तीन निवासी परवेज खान अपनी पत्नी हसीना खान दो बच्चियों अपने छोटे भाई शहवाज खान माता-पिता के साथ रहता था।

रीवा।





परवेज पटना में नौकरी करता था वही अपने पत्नी व बच्चों को अपने माता-पिता के पास रखा था। शनिवार के दिन विवाह कार्यक्रम में माता-पिता जबलपुर गए हुए थे वहीं परवेज पटना में था। सुने घर में देवर ने भाभी से हुए मामूली विवाद के बाद ऐसा घातक कदम उठाया जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। देवर ने भाभी सहित दो मासूम भतीजियों की धारदार हथियार से काट कर उनकी हत्या कर दी। हत्या की भनक जैसे ही आसपास रहने वाले पड़ोसियों को हुई पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दे दी। जानकारी के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी देवर शहवाज खान को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक भाभी के शव को पुलिस ने शवपरीक्षा के लिए अस्पताल भेजा। वही आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी। पूछताछ मे आरोपी ने बताया की घटना के बाद दोनों बच्चियों के शव को बोरे में भरकर गोविंदगढ़ तालाब में फेंक दिया। बीस घंटे तक आरोपी की निशानदेही पर मासूम बच्चियों के शव की तलाश एसडीआरएफ की टीम लगातार कर रही है। मौके पर पुलिस वरिष्ठ अधिकारी भी नजर बनाए हुए थे।

### गोताखोरों की मदद से तालाब में शव को ढूंढती रही पुलिस

मुस्लिम परिवार में हुए ट्रिपल मर्डर केस मामले में आरोपी शहवाज निशानदेही पर पुलिस एनडीआरएफ व लोकल गोताखोर की टीम 20 घंटे तक तालाब में शव को ढूंढती रही लेकिन मासूम बच्चियों शव बरामद नहीं हुआ पुलिस को शक हुआ कि आरोपी पुलिस को गुमराह कर रहा है इसके बाद पुलिस में आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि दोनों मासूमों के शव को बोरी में भरकर पहले घर में रखा था भाभी के शव को किचन में ठिकाने लगाने के बाद आरोपी शहवाज अपने बड़े मामा के बेटे को घर बुलाया और बोरी में भरकर रखें दोनों मासूमों के शव को ठिकाने लगाने की बात कही। जिसके बाद पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के मामा के बेटे से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने जंगल के किनारे से दोनों मासूमों के शव को बरामद कर लिया है और अब पोस्टमार्टम के लिए उन्हें संजय गांधी अस्पताल भिजवाया जा रहा है।

### मां को बचाने सामने आई दो मासूम बच्चियों को भी उतारा मौत के घाट

गोविंदगढ़ वार्ड क्रामंक तीन निवासी हसीना खान पति परवेज खान का उसके देवर शहवाज के साथ विवाद चल रहा था। अचानक शहवाज ने भाभी पर रॉड और चाकू से हमला कर दिया। इसी बीच मां को बचाने दोनों बेटिया सामने आ गईं। आलिया खान उम्र दो साल और अनविया खाना उम्र 5 साल थी। दोनों को आरोपी ने चाकुओं से गोद डाला। उन दोनों मासूमों पर भी आरोपी को तरस नहीं आया। आरोपी देवर ने तीनों की जान ले ली।

### इनका कहना है

घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच गई थी आरोपी को तत्काल गिरफ्तार भी कर लिया गया था आरोपी ने कल पूछताछ करने के बाद बताया कि तालाब में दोनों बच्चियों का शव को फेंक दिया है पुलिस एनडीआरएफ टीम लोकल गोताखोर टीम द्वारा लगातार 20 घंटे सर्चिंग गई लेकिन शव बरामद नहीं हुआ कड़ाई से पूछताछ करने के बाद पूरे मामले को खुलासा हो पाया है दोनों बच्चियों के शव झाड़ियां से बरामद हो गए हैं पंचनामा कार्रवाई की गई है आगे जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

**अनिल सोनकर एडिशनल एसपी रीवा।**



# शहर में एक बार फिर चली गोली एक्सरे टैकनीसियन हुआ घायल

**रीवा।** जिले के अमाहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत अस्पताल चौराहे शनिवार की देर शाम गोली चलने का मामला सामने आया। मिली जानकारी के अनुसार संजय गांधी अस्पताल में पदस्थ एक्सरे टेक्नीशियन के ऊपर गोली चली है घटना मे जिस युवक को गोली लगी है उसका नाम विकास पाण्डेय है। विकास पाण्डेय संजय गांधी अस्पताल में आउटसोर्स एजेंसी रीवा हेल्थ डायग्नोस्टिक सेंटर में रेडियो टेक्नीशियन के पद पर काम करता है। जानकारी के बाद युवक को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार जारी है घटना के बाद अमाहिया पुलिस मौके पर पहुंच कर घायल से वारदात के संबंध में पूछताछ की वहीं आरोपी की तलाश में जुट गई घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घायल युवक पहले कुछ नहीं बता रहा था लगातार पूछताछ करने के बाद घायल ने बताया उसके एक साथी सौरभ पाण्डेय से ही धोखे से गोली चल गई है गनीमत रही की गोली युवक के पैर के ऊपर जाग में लगी जिससे उसकी जान बच गई वही कहर युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है

### लगातार हो रही है वारदात

रीवा में गोली चालन की घटनाओं पर रोक नहीं लग पा रही है। लगातार गोली चालक की वारदातें हो रही है। रीवा क्राइम के मामले में तेजी से आगे बढ़ र हा है। हर दिन कोई न कोई बड़ी वारदात हो रही है। पुलिस एक मामला सुलझा नहीं पाती और दूसरा मामला सामने आ जाता है।

### इनका कहना है

घायल से लगातार पूछताछ करने के बाद आरोपी का नाम सामने आया जिसके बाद आरोपी के ठिकानों पर लगातार पुलिस दविस दे रही है साइबर सेल और अन्य माध्यमों से लगातार आरोपों की पता तलाशी की जा रही है जल्द आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होगा ।

विजय सिंह
अमाहिया थाना प्रभारी रीवा ।

# कलश यात्रा के साथ हनुमंतगाथा का हुआ शुभारंभ

## पादुका पूजन व सांस्कृतिक महोत्सव का होगा आयोजन

### 10 मई को होगा समापन

रीवा ।





प्राचीन सिद्धपीठ श्रीमानसपीठ खजुरीताल धाम में पाटोत्सव का आज से भव्य शुभारंभ हुआ। खजुरीताल धाम में आयोजित पाटोत्सव के दौरान शनिवार को विशाल कलश यात्रा के साथ हनुमतगाथा प्रारंभ हुई। सर्वप्रथम कुटमीधाम आश्रम रामगढ़ में कथाव्यास,श्रीमानस पीठाधीश्वर समेत साधू संतों ने प्रांगण में स्थापित मंदिर में प्रभु के दर्शन किए। इसके बाद कलश यात्रा शुरू हुई और गाजे बाजे के साथ 5 किलोमीटर की विशाल कलश यात्रा रामगढ़ बाजार होते हुए खजुरीताल धाम पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं,श्रद्धालु व भक्तगण भगवा वस्त्र पहनकर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। यात्रा के दौरान ब्रह्मर्षि डॉ. श्री रामविलास दास बेदांती जी महराज,श्रीमानसपीठ खजुरीताल धाम के पीठाधीश्वर जगद्गुरू श्रीरामललाचार्य जी महराज,श्रीकृष्ण दास जी महराज,प्रमोद बिहारी जी महराज व महामण्डलेश्वर डॉ. राघवेश दास बेदांती जी महराज दिव्य रथ में सवार होकर भक्तगणों को दर्शन व आशीष प्रदान किए। कलशयात्रा का जगह जगह भक्तजनों व ग्रामीणों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इससे पूर्व आयोजकों की उपस्थिति में कथाव्यास ब्रह्मर्षि डॉ. श्री रामविलास दास बेदांती जी महराज द्वारा कथास्थल का निरीक्षण किया गया। तदुपरांत कलशयात्रा संपन्न होने के बाद पाटोत्सव का शुभारंभ करते हुए कार्यक्रम के आयोजक श्रीमानसपीठ खजुरीताल धाम के पीठाधीश्वर जगद्गुरू श्रीरामललाचार्य जी महराज ने खजुरीनाथ की वंदना करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद कथाव्यास डॉ. बेदांती जी महराज का स्वागत वंदन करने के उपरांत कहा की यहाँ ना किसी जाति की ना पार्टी की न संप्रदाय की, हमें किसी से मतलब नहीं है बल्कि जो राम के हैं वो सब हमारे हैं और हम उनके हैं। आगे अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा की प्रभु श्रीराम जी खजुरीताल में एक रात का विश्राम किए थे इसीलिए ये पुण्य धरती धन्य है। हनुमतगाथा का प्रारंभ करते हुए ब्रह्मर्षि डॉ. श्री रामविलास दास बेदांती जी महराज ने हनुमान जी महराज की वंदना करते हुए आवाह्न किया। इस दौरान डॉ. बेदांती जी महराज ने कहा की यहाँ अक्षय तृतीया को महोत्सव हुआ था, जो कि हमारे गुरु भाई राम प्रिय दास जी ने किया था। हमारे दादा पुरुषोत्तम दास जी को हनुमान जी ने स्वप्न दिया था की मैं इस खजुरीताल तालाब में हूँ मुझे निकालो, उसके बाद हनुमान जी खजुरीताल में स्थापित हुए। मैं 1966 में यहाँ दीक्षा लेने आया था, फिर मैं काशी चला गया। 22 जनवरी को हमने संकल्प लिया था कि हर वर्ष पाटोत्सव उत्सव मनाएंगे। खजुरीताल धाम के प्राचीन तथ्यों का विस्तार से वर्णन किया। भगवान राम ने कहाँ था कि मैं सबको देख लिया परख लिया,मैंने बाली को मारा,रावण को मारा। लेकिन हनुमान क्या है मैं आज तक नहीं जान पाया। जो ज्ञान के प्रतिरूप हैं जिनके हृदय में भगवान घर बना के रहते हैं। इस अवसर पर मैहर भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने,जिला मंत्री कुलदीप तिवारी,सतना जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. सुष्मिता पंकज सिंह परिहार,अमरपाटन जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनती पाण्डेय,डायरेक्टर यूके तिवारी,जिला पंचायत सदस्य हरीशकांत त्रिपाठी,रमाशंकर मिश्र,जेपी शर्मा,विजय द्विवेदी,ओपी द्विवेदी,युवा एकता परिषद परिवार के साथी सूर्यप्रकाश द्विवेदी,विनोद अवस्थी,शिवम समदरिया,मंगल सिंह,सतेन्द्र तिवारी,राहुल मिश्रा समेत विभिन्न गणमान्य जन उपस्थित रहे। श्रीमानसपीठ परिवार के शिष्य, कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी पंडित सचिन शर्मा सूर्या ने जानकारी देते हुए बताया की पाटोत्सव के द्वितीय दिवस प्रभात बेला में श्रीरामार्चा महायज्ञढ, शायंकालीन बेला में हनुमंतगाथा एवं रात्रिकालीन बेला में डॉ. विनोद मिश्रा,प्रसिद्ध तबलावादक रिषभ त्रिपाठी एवं रमाकांत त्रिपाठी जी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही अनुग्रह करते हुए कहा की सभी सनातनी व भक्तगण खजुरीताल धाम पहुंचकर कार्यक्रम का रसपान करते हुए गुरूजनों का आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन को कृतार्थ करें।

# आरा मशीन में खुलेआम चीरी जाती है प्रतिबंधित इमरती लकड़ियां



### वन विभाग के संरक्षण से चल रही मशीनें नियम कायदों को ताक पर रखकर खुलेआम चल रही है आरा मशीनें

मऊगंज।<

जिले के मऊगंज, हनुमना, नईगढ़ी, देवतालाब सहित क्षेत्र के कई स्थानों में लगी आरा मशीनें सारे नियम को ताक में रखकर चलाई जा रही है। आलम यह है कि जहां इन आरा मशीन संचालकों द्वारा विभाग द्वारा निर्धारित मापदंड का पालन नहीं किया जाता वहीं खुलेआम प्रतिबंधित लकड़ियों की चिराई की जाती है। इतना ही नहीं वन विभाग के संरक्षण में चल रही इन अवैध आरा मशीनों में नियम विरुद्ध इमारती लकड़ियों का थोक के भाव स्टॉक लगा होता है। इस तरह के रखे लकड़ी के स्टॉक का ना तो मशीन संचालकों द्वारा कोई रिकॉर्ड बनाया जाता और ना ही स्टॉक में रखी लकड़ियों की नंबरिंग आदि की जाती है। जिससे मन माफिक ढंग से इन मीलों में लकड़ियों की चिराई की खेप अंचल ही नहीं अपितु जिले के अन्य क्षेत्रों से भी लाई जाती है। क्योंकि नईगढ़ी भलुहा सहित देवतालाब में स्थापित आरा मशीन अवैध लकड़ियों के चिरई का अड्डा होने से जंगल सहित उन लकड़ियों की आवक यहां होती है जिनमें बेश कीमती लकड़ियों को आदेश के बिना चिरई करना पूर्ण रूपेण प्रतिबंधित है। लेकिन जिम्मेदार बीट प्रभारी स्तर के वन अमले की खुली छूट होने के कारण शासन के सारे नियम कायदों को तक में रखकर नईगढ़ी, हनुमना, मऊगंज के आस-पास स्थापित आरा मशीनों में नियम विरुद्ध लकड़ी की चिरई का गोरख धंधा अनवरत जारी है।*रात में चीरी जाती है लकड़ी*नईगढ़ी कस्बे में स्थापित आरा मशीन में जहां एक ओर प्रतिबंधित लकड़ियों की खुलेआम चिराई का काम चलता है। तो इसी तरह सारे नियम को तक में रखकर अनुबंध के मुताबिक कार्य करने के निश्चित समय को दरकिनार कर चोरी छुपे रात में विभाग के कुछ अधिकारियों की सह पर इमारती लकड़ियों की चिराई का कार्य चलता है। लेकिन इतना सब होने के बाद भी वन अमला अनजान बना हुआ है। जबकि शासन स्तर पर सीधे आदेश है। कि दिन डूबने के बाद सुबह दिन निकलने तक किसी भी सूरत में आरा मशीनों में लकड़ी की चिराई नहीं की जा सकती लेकिन यहां के हालात कुछ और हैं यहां सारे नियम कार्य को दरकिनार कर आरा मशीन है संचालित की जा रही है।*लकड़ी के स्टॉक में गोलमाल*संबंधित आरा मशीन संचालकों द्वारा नियम विरुद्ध क्षमता से अधिक इमारती लकड़ियों का स्टॉक रखा जाता है। एक तरफ जहां स्टाफ में लकड़ी की नंबरिंग आदि नहीं की जाती वही इन संचालकों के पास स्टॉक में रखी अकूत लकड़ी का कोई हिसाब तक नहीं होता साथ ही प्रशासनिक अमला के आंख में धूल झोंकर बीट प्रभारी के सहपर खुलेआम जंगल क्षेत्र में अवैध रूप से काटे गए हरे पौधों से प्राप्त इमारती लकड़ियों लकड़ी की चिराई का काम इन मीलों में खुलेआम होना आम बात हो गई है।

# मऊगंज में धुत आधा दर्जन लोगों ने मचाया तांडव

### कानून व्यवस्था पटरी में उतरी

### मऊगंजे में कानून व्यवस्था नाकाफी

मऊगंज।






जिले में पुलिस करती रही हादसे का इंतजार सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मऊगंज थाना से 500 मीटर ठीक पहले चाक मोड मे बोलेरो वाहन में सवार होकर आधा दर्जन नशेड़ियों ने चाक मोड़ स्थित शराब की दुकान के सामने घंटो तांडव मचाया। मौजूद लोग अफरा तफरी में इधर-उधर भागते दिखाई दिये।ऐसी घटनाएं मऊगंज जिले में कई बार हो चुकी है। लेकिन पुलिस प्रशासन कोई बड़ा हादसा के लिए इंतजार कर रहा था। नशेड़ियों के दहशत से सड़क से गुजर रही महिलाओं को इधर-उधर भागना पड़ा। जिससे मऊगंज की कानून व्यवस्था पटरी से उतरती नजर आ रही थी। मऊगंज जिला सिर्फ नाम मात्र का बन कर रह गया है। कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक पदस्थ है फिर भी किसी प्रकार की प्रशासनिक कसावट नही दिखाई देती।जिले भर मे गांजा, शराब की अवैध कारोबार फल-फूल रहा है।चोरी, अपहरण, मोबाइल चोर, बाइक चोर, चैन स्कैनिंग आदि के मामलो मे इजाफा हो रहा है।कानून व्यवस्था शून्य दिखती नजर आ रही है। जिले के शहर से लेकर गांव तक के चौराहो मे शॉम 6:00 बजे से नशेड़ियों का बोलबाला रहता है। नशा करने के बाद नशेड़ी कितनी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं यह सोचने वाली बात है। लेकिन पुलिस प्रशासन के द्वारा किसी तरह की रात मे पेट्रोलिंग नही की जाती। जिससे नशे के कारोबारियों और अपराधियों के हौसले बुलंद है।